# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पीट-पीट कर हत्या

## रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के गौहारी गांव की घटना





जिले में रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के गौहारी गांव में पुरानी रंजिश पर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना रामपुर पुलिस को दे दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक,रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम गौहारी में रविवार सुबह रामनारायण कोल पिता लहुराई कोल निवासी गौहारी की हत्या कर दी गई।

सतना।

मृतक मजदूरी करता था और गांव में अपने परिवार के साथ रहता था। रविवार सुबह 8 बजे जिस वक्त वारदात हुई,उस समय



वह घर से निकल कर मजदूरी करने जा रहा था। वह गांव के जायसवाल मोहल्ला के पास पहुंच कर खड़ा ही हुआ था कि तभी गांव का ही रंजीत कोल नामक व्यक्ति पीछे से दौड़ते हुए आया और रामनारायण से लिपट कर उसे जमीन पर पटक दिया। मृतक की पत्नी सीमा ने बताया कि जमीन पर गिरने के बाद रामनारायण के सिर पर रंजीत ने लात मारना शुरु कर दिया। वह चीखता चिल्लाता रहा लेकिन रंजीत ने उसे नहीं छोड़ा। यह सब देख गोविंद कोल बचाने के लिए दौड़ा तो रंजीत ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। तब तक गांव के अन्य लोग भी आ गए और उन्होंने बीच-बचाव किया। रामनारायण बेहोश हो चुका था। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले लाया गया। लेकिन,यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सीमा और बेटे रामसहेंद्र ने बताया कि दो वर्ष पहले मकान निर्माण के दौरान जमीन को लेकर रंजीत से विवाद हुआ था। तभी से वह रंजिश मानता था और मारने के लिए अक्सर घेराबंदी किया करता था। सतना जिला अस्पताल की पुलिस चौकी से रामपुर बघेलान थाना पुलिस को घटना और रामनारायण कोल की मौत की सूचना भेज दी गई है।

## खबर संक्षेप

### स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**मैहर।** मैहर सहित पूरे देश में स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम स्व.श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ तिवारी, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,देवेंद्र पांडे,कुलदीप तिवारी,रावेंद्र सिंह पटेल,जुगुल अग्रवाल,पीयूष शर्मा,जितेंद्र शुक्ला,प्रिंस शर्मा,मनीष पाठक,पवन दुवे,विकास बढ़ोलिया,छोटू मैनी,राजा पांडेय,अखिल गोयल,सतीश अग्रवाल सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि महान चिंतक,जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रप्रेमी व्यक्तित्व के स्वामी थे इनकी जीवनशैली हम लोगों के लिए आदर्श हैं।

### बच्चों को 2 बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान का शुभारंभ



**मैहर।** सिविल अस्पताल मैहर में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के द्वारा नवजात शिशुओं को दो बूंद जिदगी की पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर शुभारंभ किया गया। पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को 23 जून से 25 जून तक इस अभियान के तहत पल्स पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य के साथ आज शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मण गुप्ता,बीएमओ डॉ. ज्ञानेश गौतम,डॉ.व्हीके गौतम,डॉ.सुदीप अवधिया,सुधीर सोनी,गोवर्धन गुप्ता,नीरज यादव, सहित सैकड़ों नवजात शिशुओं की माताएं बहनें उपस्थित रही।

### कलेक्टर ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**मैहर।** जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड और पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल ने मैहर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम मैहर विकाश सिंह,सीएसपी राजीव पाठक,एई राहुल पटेल,मैहर स्टेशन मास्टर,जीआरपी,आरपीएफ के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य

**सतना।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी सत्यापन 15 जुलाई तक

**सतना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है। इसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी किया जा रहा है। ई-केवायसी में हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिले वार 15 जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।आयुक्त,सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध,विधवा,दिव्यांगजन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएँ संचालित की जाती हैं,जिनका ऑनलाइन क्रियान्वयन पेंशन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है।

# यूसीएल में सामूहिक योग कार्यक्रम सम्पन्न



सतना।

विंध्य क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक संस्थान युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार,प्राणायाम,अनुलोम-विलोम, भ्रामरी मुद्रा में ध्यान किया गया। इसके बाद योग से होने वाले फायदे की जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि हम प्रतिदिन समय निकालकर योग करें तो हम बिमारियों से बच सकते है। संस्थान के हेड (एच. आर. एम. एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन) एम.पी. त्रिपाठी ने बताया कि योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इसलिये इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिये। योग का अर्थ एकता या बॉधना है। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर,मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। योग जीने का तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिदिन योग अभ्यास करने की सलाह दी गई।

# गरज चमक के साथ फिर बरसे बादल, गर्मी से मिली राहत





सतना।

दो दिन से तेज गरज और चमक के साथ बारिश का दौरा जारी है। सतना की जनता पर बादल मेहरबान है। वैसे तो सुबह से लेकर दोपहर तक उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहते हैं लेकिन दोपहर बाद बारिश लोगों को थोड़ा राहत पहुंचती है। इसके पहले बढ़ते तापमान ने लोगों को हलाकान कर दिया था। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 37और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। जबकि बारिश 28.2 मिनी रिकॉर्ड की गई है। सूरज की तपिश से बेहाल रहे लोगों को बादलों ने राहत देनी शुरू कर दी है। शनिवार को तड़के हुई बूंदाबांदी के बाद दोपहर के वक्त भी बादल सतना में झूम कर बरसे थे।



हालांकि इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पांच व्यक्तियों की मौत हुई है।

बादलों की गड़गड़ाहट और ठंडी हवा के झोंक के साथ शुरू हुई बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी रविवार को जमकर बारिश हुई। कहीं रात से सुबह तक बादल बरसते रहे तो कहीं दोपहर में आसमान से पानी की बूंद राहत बन कर बरसीं।

### सड़कों पर कीचड़ चलना मुश्किल

प्री मानसूनी बारिश के कारण शहर में लोगों की मुश्किल भी बढ़ गई हैं। सीवर लाइन के गड्ढों और उन्हें भरने के लिए डाली गई मिट्टी ने जहां सड़कों पर फिसलन बढ़ा दी। वहीं शुरुआती दौर की बारिश में ही कई जगह जल भराव के हालात भी बने और कई जगह नालियां उफना कर सड़क पर बहने लगीं हैं।

# फेरूमल अध्यक्ष संदीप मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

## क्लॉथ मर्चेट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन




सतना।

शहर की प्रमुख व्यापारिक संस्था क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन का 56वां द्विवार्षिक अधिवेशन आज प्रातः11.30 बजे सीएमए कार्यालय में विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना के अध्यक्ष सतीश सुखेजा के मुख्य आतिथ्य में व संस्था अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के मंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि द्विवार्षिक अधिवेशन 2 सत्र में संपन्न हुआ प्रथम सत्र में लक्ष्मी जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। संस्था के दो वरिष्ठ सदस्य हीरानन्द भागवानी एवं अर्जुनदास सेवानी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। मंत्री संदीप कुमार जैन के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन व आय व्यय पत्रक सदन में प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संस्था की भावी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से भोला प्रसाद गुप्ता को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया एवं आम सहमति से सत्र 2024-26 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें फेरूमल तोलवानी अध्यक्ष, संदीप कुमार जैन मंत्री,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार लालचंदानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार सेनानी, वरिष्ठ उपमंत्री पवन जैन, कनिष्ठ उपमंत्री केशव माखीजा, कोषाध्यक्ष कमल जानवानी कार्यकारिणी सदस्य गुणवंत शाह, रीतेश मेहता,पवन दुदानी, गंगाराम सचदेव, धीरज माखीजा, कपिल शाह, किशोर सेवानी,प्रीतू अग्रवाल बनाए गए।

# पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में गैरहाजिर रहे 1138 परीक्षार्थी



**सतना।** म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 में रविवार को प्रथम पाली में 1109 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली में 1138 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े ने बताया कि राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए सतना जिले में 9 और मैहर में 1 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। जिसमें प्रथम पाली में शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में 128, शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज रीवा रोड में 139,सरस्वती हाई स्कूल कृष्ण नगर में 128,विट्स कॉलेज सतना में 114,शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना में 129,संत कंवर सिंधू हायर सेकण्डरी स्कूल सिंधी कैंप में 136,बोनांजा कॉन्वेंट स्कूल बिड़ला रोड में 149,सेंट माइकल स्कूल सतना में 105 तथा शासकीय एमएलबी हायर सेकण्डरी स्कूल सतना में 81 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में 134,शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज रीवा रोड में 142,सरस्वती हाई स्कूल कृष्ण नगर में 130,विट्स कॉलेज सतना में 114, शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना में 132,संत कंवर सिंधू हायर सेकण्डरी स्कूल सिंधी कैंप में 140,बोनांजा कॉन्वेंट स्कूल बिड़ला रोड में 156,सेंट माइकल स्कूल सतना में 108 तथा शासकीय एमएलबी हायर सेकण्डरी स्कूल सतना में 82 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र के लिए कुल 4230 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। इनमें से प्रथम पाली में 3121 प्रतियोगियों ने परीक्षा दी और 1109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 3092 प्रतियोगियों ने परीक्षा दी और 1138 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे। मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय प्रेक्षक केएम गौतम ने भी सतना जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## अनुदान पर कृषि यंत्र उपकरणों के लिये ई-पोर्टल पर आवेदन 26 जून तक

**सतना।** संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर सतना जिले के लक्ष्य निर्धारित कर दिये गये हैं। सहायक कृषि यंत्री सतना वीपी त्रिपाठी ने बताया कि सतना और मैहर जिले के लक्ष्यानुसार इच्छुक किसानों से अनुदान पर कृषि यंत्र क्रय करने पोर्टल पर 26 जून तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 27 जून 2024 को लॉटरी के माध्यम से हितग्राही का चयन किया जायेगा। निर्धारित लक्ष्यानुसार रोटावेटर के लिये 9 का लक्ष्य है और इसके लिये 5 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) धरोहर राशि के रुप में देना होगा। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल/जीरो ट्रिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल/रेज्ड वेड प्लांटर,रिजेफेरो प्लांटर और मल्टीक्रॉप प्लांटर के लिये 7 का लक्ष्य है। इसके लिये 2 हजार रुपये की डीडी धरोहर के रुप में देनी होगी।मांग अनुसार आवेदन की श्रेणी में आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित नहीं हैं।इनमें कृषि यंत्र सुपर सीडर,न्यूमेटिक प्लांटर,स्वचालित टूल बार-राइड ऑन टाइप के लिये 5-5 हजार रुपये की डीडी धरोहर राशि के रुप में देनी होगी। कृषक स्वयं के बैंक खाते से धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री सतना के नाम बनवाकर आवेदन कर सकते हैं। संबंधित विषय की जानकारी के लिये मोबाइल नंबर 8224029722 पर संपर्क किया जा सकता है।



## मैहर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया एमपीपीएससी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**सतना।** जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 9 केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक संपन्न हुई। मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने रविवार को मैहर के सरस्वती स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने परीक्षा केन्द्र में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

खबर संक्षेप

## तहसील स्तरीय श्री दुर्गा चालीसा अखंड का आयोजन मढिया में कल

**पन्ना।** जिले को नशें मांस,भय भूख भ्रष्टाचार, जातिभेद छुआछूत, सांप्रदायिकता से मुक्त बनाने परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पन्ना के माध्यम से तहसील स्तरीय श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ का आयोजन हो रहा है संगठन के मीडिया प्रभारी गजेन्द्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल कार्यक्रम 24 जून को दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा व 25 जून को दोपहर 12 बजे समापन होगा जिसमें में मुख्य रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा जी सहित हजारों शक्तिसाधक व क्षेत्रवासी शामिल होंगे,, आयोजक ने वीडियो के माध्यम समस्त क्षेत्रवासियों को किया आमंत्रित।

## योग को अपने जीवन का अंग बनाएं-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आवाहन किया है लोगों को स्वयं के लिए और समाज के लिए योग करना चाहिए और योग को हम दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं इस आवाहन को दृष्टिगत रखते हुए 21 जून को योग दिवस का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था। उन्होंने कहा योग दिवस का कार्यक्रम केवल सालाना उत्सव बनकर न रह जाये। यह लोगों की दिनचर्या का अंग बने इस उद्देश्य से जन सहयोग से यह प्रारंभ करने का प्रयास किया है कि हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक निःशुल्क योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जायें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज इसका एक प्रैक्टिस सेशन रखा गया था, जिससे यह समझ में आया कि इसमें क्या-क्या चुनौतियां हैं और किस तरह से इसको और बेहतर बनाना है। इसके बाद हमने यह निर्णय लिया है कि अगले शनिवार से यह निःशुल्क कक्षाएं हम मानस भवन में प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक चलाएंगे, जैसा कार्यक्रम योग दिवस के दिन हुआ था वैसा ही होगा, उसमें हम अधिकतम 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था रखेंगे, ताकि लोग वहां पर योगासन और प्राणायाम कर सके। हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से शुरू होगा और 07 बजे खत्म हो जाएगा। यह सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क होगी। वहां पर मेट, माइक और बाकी चीजों की व्यवस्थाएं जन सहयोग से की जायेंगी। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों, बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि योग को अपने जीवन का अंग बनाएं। हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक मानस भवन में जो निःशुल्क कक्षाएं लगेंगी, उनको जॉइन करें यह बिल्कुल स्वेच्छिक है और पूरी तरह से निःशुल्क है। उन्होंने कहा अभी वर्षा काल है इसलिए यह ऑडिटोरियम के अंदर होगा, जिससे बारिश का कोई डर नहीं होगा।

### 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो नामक बीमारी से दूर करने के लिये किया आग्रह

# विधायक व कलेक्टर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना में बृजेन्द्र प्रताप सिंह विधायक पन्ना एवं कलेक्टर सुरेश कुमार, के द्वारा 0-5 वर्ष के बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारम्भ के दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने पन्ना जिले की आमजनता से अपील की गई की वो अपने 0-5 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से पल्स पोलियो की दवा पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को दूर करने में अपना योगदान प्रदान करें। कार्यक्रम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. व्ही.एस. पामयाय, सिविल सर्जन आलोक गुप्ता, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हिमान्शु वर्मा, डॉ. जीपी.आर्या अरबन नोडल अधिकारी, मनीष विश्वकर्मा आर.आई.डाटा मैनेजर, डॉ. संजय अहिरवार डी.सी.एम., वरूण दुबे व्ही.सी.सी.एम., नारेन्द्र सिंह डी.व्ही.एस.प्रभारी, ने बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। डॉ. हिमान्शु वर्मा जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1342 टीमे बनाई गई हैं। जिसमें 2684 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है जिनके कार्य का सुपरवीजन 270 सुपरवाईजरों द्वारा कराया जा रहा है। जिला स्तर से 05 नोडल अधिकारियो को पर्यवेक्षण कार्य हेतु सभी ब्लाकों में भेजा गया है। शहरी क्षेत्र मे सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता एवं प्रभारी अरबन डॉ. जी.पी. आर्या बूथों का निरीक्षण कर सतत निगरानी रखेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम को सफल हेतु आम जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक बच्चो को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो दवा पिलायें। जिला टीकाकरण अधिकारी जिले में किसी भी क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे।





# नगर पंचायत ककरहटी की रसीद बिना बिके पशुओं को लेकर चर्चा का विषय








पन्ना। ग्रामीणों के जानवर भी ककरहटी नगर पंचायत में बिना बिके रसीद बन जाती है वहीं पुलिस चौकी ककरहटी को भी फोन लगाया ग्रामीणों ने गोलमोल जवाब के हालात मिले पशु तस्करी के हालात ककरहटी नगर पंचायत में कैसे कहीं न कहीं जिम्मेदारों को स्वयं ही अपने कार्य क्षेत्र में इस तरह के हालात को लेकर सबक दे रही दास्तांयें जहां आम जनता अपने पशुओं को बचाने के लिये परेशान नगर आई। मौके में जब ग्रामीणों ने पशु तस्करों से अपने जानवर छुड़ायें वहीं पुलिस को फोन किया तो गोलमोल जवाब के हालात रहे। नगर परिषद ककरहटी बिना बिके पशुओं की मंजूरी रसीद के नाम पर कैसे दे देती है पशु पालक परेशान आखिरकार यह दास्तां ककरहटी नगर पंचायत में सबके जानवरों के लिये खतरा बन चुकी क्योंकि जब प्रशासन ही पशु तस्करों से गठजोड़ कर लेगा तो फिर आम आदमी अपने जानवरों की सुरक्षा कैसे करें रात्रि के समय लोगों के जानवर पकड़कर चोरी छुपे गाड़ी में ले जाते है वह तो ग्रामीणों ने आनन-फानन में किसी तरह पकड़ लिया तो पोल खुली पर यह दास्तां वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान में लेकर जांच की जानी चाहिये। आखिर बिना बिके पशुओं की रसीद नगर पंचायत से कैसे बन जाती है इसके पीछे कौन है जिम्मेदार क्या नगर पंचायत ककरहटी में पशु तस्करों से मिलकर आम आदमी के जानवरों को बिना बिके ही बिकवा दिया जाता है। जबकि पशु मालिक को पता नहीं होता वहीं उसके जानवर लोड करके गाड़ी में ले जाने के हालात तय हो जाते है। जब ग्रामीण किसी तरह अपने जानवरों को छुड़ाते है तो रसीद बताई जाती है आखिर यहां किस तरह के हालात है क्या इस मामले में जिम्मेदार ककरहटी नगर पंचायत तथा पुलिस चौकी ककरहटी को लेकर पड़ताल की जायेगी जिस तरह के हालात सामने नजर आये है। ककरहटी नगर पंचायत के अशोक चौबे नामक युवक ने फोन लगाकर बात की नगर पंचायत में हमारे नटवा की लिखित कैसे दे दी दो कि जगह चार की लिखित दी गई थी आखिरकार शोसल मीडिया में वायरल वीडियो पोल खोल रहा है ककरहटी नगर पंचायत की दास्तां को वहीं पुलिस चौकी ककरहटी के जिम्मेदार भी गोलमोल जवाब को लेकर बताये गये है। इस तरह के हालात ककरहटी नगर पंचायत में बिना बिके जानवरों के रसीद बन जाती है क्या होगी पड़ताल जिम्मेदारों को लेकर वरिष्ठ अधिकारी क्या करेंगे कार्यवाही।

## पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया शुभारंभ



**देवेन्द्रनगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मति शिवांगी गुप्ता द्वारा दो बूंद पोलियो की दवा बच्चों को पिलाओ उनकी जिंदगी खुशहाल बनाओ आज दिनांक देवेंद्रनगर मैं 23 जून 2024 को पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने एवं जन जागृति लाने के लिए गुनौर विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्र नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मति शिवांगी गुप्ता द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा दो बूंद पिलाकर किया गया शुभारंभ इस कार्यक्रम के बारे में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि पोलियो या पोलियोमाइलाइटिस एक घटक उग्र रूप की संक्रामक बीमारी है इससे पोलियो के विष्णु व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है इस हमले से कुछ घंटे के भीतर ही यह अपने विषैले रूप में व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र को पूरी तरह पंगु कर देता है जिससे बच्चा अपंग हो जाता है 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे पोलियो रोग के लिए अति संवेदनशील होते हैं चुकी पोलियो के उपचार का कोई निश्चित दवा अभी तक नहीं बनाई जा सकी है इसलिए इसे फैलने से रोकने का सबसे बेहतर उपाय है पोलियो को रोकने का एकमात्र उपाय पोलियो का टीकाकरण काराऐं इस कार्यक्रम में ब्लॉक देवेंद्र नगर में 239 बूथ एवं आठ ट्रांजैक्शन टीम एवं मोबाइल टीम बनाई गई है जिसमें 523 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है इस कार्यक्रम का सुपरविजन करने के लिए 27 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है ताकि ब्लॉक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा सके इस कार्यक्रम के दौरान समस्त पत्रकार महोदय उपस्थित रहे एवं अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा अंत में डॉक्टर अभिषेक जैन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सभी अभिभावकों से जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए अपील की गई है इस द्वारन पूर्व मंडल ब्लॉक मंडल अध्यक्ष ललित गुप्ता बीपीएम संध्या सिंह बीई सोमवती प्रजापति नर्सिन ऑफीसर और सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

## मोटर के कंडेनसर से लगा करंट 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरकोला के केवट पुरवा में मोटर के कंडेनसर से करंट लगने के कारण 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि खेत के बगल में नाला से पानी लाने के लिए मोटर पंप लगाया गया था जिसमें आज सुबह अखिलेश केवट पिता बृज गोपाल केवट उम्र लगभग 12 वर्ष निवासी ग्राम केवट पुरवा कंडेनसर लगा रहा था, तभी अचानक उसे जोरदार करंट लग गया बालक को करंट लगा देखकर परिवार के सदस्यों ने तत्काल उसे अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया जिससे परिवार में कोहराम मच गया है एवं गांव में भी मातम का माहौल बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही अजयगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा और पोस्टमार्टम उपरांत मृत बालक का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।



# दस्तक किशोरी समूहों के प्रतिनिधियों की जिला स्तरीय कार्यशाला का समापन



### किशोरी स्वास्थ्य और पोषण पर किया जागरूक

**पन्ना।** विकास संवाद समिति पन्ना द्वारा संचालित दस्तक परियोजना के अंतर्गत गठित किशोरी समूहों के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल- संकल्प गार्डन पन्ना में किया गया द्यइस कार्यशाला में किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य लेंगिक भेदभाव एवं संगठनात्मक (नेतृत्व) विकास हेतु संवाद किया गया द्य आयोजन में 25 गांव से 50 लीडर किशोरियों के द्वारा सभागिता की गई। कार्यशाला में सहजकर्ता की भूमिका- विकास संवाद भोपाल से अश्वनी जी तथा पन्ना टीम के साथियों द्वारा निभाई गई द्यसबसे पहले कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और दो दिन की कार्यशाला को बिषय बार बताया गया जिसमे एनीमिया, लेंगिक भेद भाव को ख़त्म करने हेतु सामुदायिक साझा पहल, पोषणहेतु हमें कम से कम 5 तरह के अनाजो को ग्रहण करना द्यपूरे साल हेतु घर में सब्जियों का उत्पादन, जैविक खेती को बढ़ावा देना, जल संरक्षण, लैंगिक भेदभाव, किशोरी स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, छुआ छूत पर संवाद और आगामी छः माह की कार्ययोजना आदि बिषय कार्यशाला में शामिल रहे।विकास संवाद समिति के जिला समन्वयक रविकांत पाठक द्वारा बताया गया की हम प्रतिबर्ष 25 गांव से किशोरी समूहों के दो-दो साथियों को कार्यशाला में शामिल करते है और कार्यशाला में किशोरी स्वास्थ्य,लेंगिक भेदभाव,पोषण, सामुदायिक संगठनों को मजबूती हेतु दो दिन की कार्यशाला में संवाद स्थापित करते है यदि हमे गाँव सेएनीमिया का अंत करना है तो समुदाय, शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं को साथ मिल कर काम करना होगा हमे यह तय करना होगा कि गांव के प्रत्येक घर मे पोषण वाटिका लगाने की जरूरत है तभी हम कुपोषण और एनीमिया का अंत कर सकेंगे। विकास संवाद से अश्वनी जी द्वारा किशोरी स्वास्थ्य में माहवारी के बारे में बिस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग से अशोक विश्कार्मा जी द्वरा लाडली लक्ष्मी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और जिनको समय से लाभ नहीं मिलता वह सभी साथी के वाय सी करवा ले जिसमे समय से क़िस्ति खाते में आने लगे। स्वास्थ्य विभाग से अनुपमा शर्मा जी द्वारा कार्यशाला में शामिल किशोरियों को सेनेटरी नेपकिन हेतु जानकारी देते हुए बताया की आप स्वयं और परिवार में महिलाओ को पेड के उपयोग करने हेतु प्रेरित करे जिससे संक्रमण का ख़तरा कम हो आदि जानकारी दी गई। कोशिका संस्था से देवाश्री जी द्वारा किशोरियों के साथ जेंडर पर खेलगतिविधि कर डायरी लेखन के बारे ग्रुप चर्चा कर किशोरियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निकालने व करने के लिए जागरूक किया। आयोजन के प्रबंधन में छत्रसाल, रामविशाल, बबली, वैशाली, समीर खान, कामना सिंह और कमला कान्त, अरविन्द्र गौंड एवं दुर्गेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जिले की ग्राम पंचायत ललार सोशल मीडिया में चर्चा का विषय, कागज में विकास कार्य मौके पर गायब





**पन्ना।** मामला जिले की जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत ललार इन दिनों शोसल मीडिया में सुर्खियां बटोर रही है जहां मौके पर परकुलेशन टेंक (तालाब) का बनना नहीं बताया जा रहा वहीं कागज में परकुलेशन टेंक (तालाब) के बनाने की बात चर्चा में है। मीडिया के सवालों का जवाब सीओ जिला पंचायत ने देते हुये इस हालात को लेकर जहां जनपद स्तरीय कमेटी बनाकर ग्राम पंचायत ललार में क्या कार्य चल रहे है वास्तविकता क्या है भौतिक रूप से पड़ताल होगी जमीनी जिससे सच्चाई आयेगी सामने वहीं पहले कार्य कराया जायेगा दोषियों के खिलाफ अंततः कार्यवाही की भी दिशा हो सकती है तय। जिले में विकास कार्यों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की कार्यप्रणाली उन पंचायतों के लिये भारी पड़ सकती है जहां जमीनी हकीकत में विकास कार्यों को लेकर लापरवाही के हालात को अंजाम दिया जा रहा है। उदाहरण के लिये जिले की जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत ललार इन दिनों शोसल मीडिया में सुर्खियां बटोर रही है जहां कागज में परकुलेशन टेंक (तालाब) का बनाये जाने को लेकर हालात बताये जा रहे है वहीं मौके पर नहीं बनाना चर्चा का विषय शोसल मीडिया में हो रहा वायरल वीडियो से स्थिति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना तक मीडिया के सवालों से जा पहुंची वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय ने तत्परता से जवाब देते हुये कहा कि वास्तविकता में जो आपके द्वारा बताया जा रहा है अगर मौके पर कार्य नहीं है तो पहले कार्य कराया जायेगा वहीं इसकी पड़ताल को लेकर जनपद स्तर से एक टीम गठित करके ग्राम पंचायत के कार्यों का जो स्वीकृत है जो मौके पर कराये जा रहे है कितने हुये वास्तविक पड़ताल होने पर अगर कार्य नहीं मिलते है तो पहले कराये जायेंगे वहीं जिम्मेदारों के खिलाफ आगामी कार्यवाही की दिशा भी तय होगी। निश्चित तौर पर जहां पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जो ग्राम पंचायतों को कार्य एजेन्सी के माध्यम से जमीनी स्तर पर विकास के कार्यों को अंजाम देते है जहां ग्राम पंचायत स्वयं ही विकास कार्यों को लेकर कार्य करती है जिनका मूल्यांकन जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री के द्वारा किया जाता है यहां ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक तथा सचिव उपयंत्री जो जमीनी स्तर पर विकास कार्यों को लेकर दायित्वों का निर्वाहन करते है जिनकी जिम्मेदारी है ग्राम पंचायत में स्वीकृत राशि जिस कार्य के लिये होती है उसे निर्माण कार्य में वास्तविकता में कराने को लेकर साथ ही अगर जमीनी स्तर पर किसी भी पंचायत में कार्य कराये जाने को लेकर लापरवाही के हालात को अंजाम दिया जाता है तो निश्चिततौर पर सीओ जिला पंचायत संघ प्रिय की कार्यप्रणाली जिस तरह से ललार ग्[रम पंचायत को लेकर बयां किये हालात यह समूचे जिले में भारी पड़ सकते है उन ग्राम पंचायतों के लिये जिनके द्वारा विकास कार्यों में मौके पर लापरवाही को लेकर हालात तय किये जाते है क्योंकि कागजों में तो निश्चित तौर पर कार्यों को लेकर राशि जारी होती है वहीं मौके पर अगर कार्य नहीं होते तो संबंधित ग्राम पंचायतों को कार्य भी कराने पड़ जायेंगे वहीं कार्यवाही का शिकार माना जा रहा है क्योंकि जिस तरह से जिले की पन्ना जनपद में ललार पंचायत को लेकर सीओ जिला पंचायत का कथन मीडिया के सवालों के जवाब में आया वह आगामी दिशा में कार्यवाही को लेकर चर्चा का विषय है जिससे जमीनी पड़ताल में भृष्टाचार की कहानी का खुलासा करने को लेकर जाना जायेगा देखना यह है कि यहां ग्राम पंचायत ललार से समूचे जिले के लिये उदाहरण तय हो सकता है उन पंचायतों के लिये जो जमीनी स्तर पर विकास कार्यों के नाम पर लापरवाही के हालात अंजाम दे रहे है। जिन्हें कार्य तो कराना ही पड़ेगा वहीं कार्यवाही का शिकार भी जिम्मेदारों को होना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### अपराधी को पुलिस ने गांजा सहित गिरफ्तार

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे एवं पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर मौराहा रोड पहुंची, संदेही को घेराबंदी कर रोका गया। संदेही हल्के उर्फ गजाधर यादव निवासी पीताम्बरा मंदिर के पास सटई रोड छतरपुर के पास से स्कूटी में छुपाये अवैध मादक पदार्थ गाँजा मात्रा करीब डेढ़ सौ ग्राम से अधिक कीमत दो हजार रूपए व एक लोहे का छुरा मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा, अवैध धारदार हथियार छुरा व प्रयुक्त स्कूटी वाहन को विधिवत जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8,20(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट 25(2) आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### दो मनचलों को राहगीरों ने धुना, छात्राओं पर कर रहे थे छींटाकशी



छतरपुर। शनिवार की दोपहर पन्ना रोड पर दो छात्राएं स्कूल से पैदल छत्रसाल चौराहे की ओर आ रही थीं, तभी करगिल चौराहे पर पानीपुरी की दुकान पर खड़े दो मनचले युवकों ने उन पर छींटाकशी शुरु कर दी। दोनों मनचले छत्रसाल चौराहे तक लड़कियों का पीछा करते आए, जब बात हद से ज्यादा बढ़ गई तो दोनों छात्राएं रोने लगीं। बच्चियों को रोते देख राहगीरों ने दोनों मनचले युवकों को पकड़ा और जमकर उनकी पिटाई कर दी। चौराहे पर करीब 30 से 40 मिनट तक दोनों युवकों के साथ मारपीट की गई। बाद में पुलिस ने दोनों मनचलों को पुलिस चौकी में बैठाया और फिर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाना की पुलिस का कहना है कि यह मामला उनके क्षेत्र का नहीं है, जिससे कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, वहीं सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले की जानकारी न होने की बात कही है।

### दो भाइयों ने पति-पत्नी के साथ की मारपीट


छतरपुर। बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम मझगुवां में जमीनी विवाद के चलते दो भाईयों ने मिलकर किसान दंपत्ति के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के कारण गंभीर रूप से घायल हुई महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मझगुवां निवासी लालाराम मिश्रा उम्र 44 वर्ष ने बताया कि गांव के राम बिहारी मिश्रा और बृज बिहारी मिश्रा से उसका जमीनी विवाद चल रहा था। तमाम न्यायालयों से फैसला उसके पक्ष में आ चुका है, इसके बावजूद बीते रोज राम बिहारी मिश्रा और बृज बिहारी मिश्रा जबरन जमीन की जुताई कर रहे थे। जब लालाराम ने उन्हें रोका तो दोनों ने मिलकर उसके ऊपर हमला कर दिया। लालाराम किसी तरह से खेत से जान बचाकर घर भाग आया लेकिन कुछ देर बार उक्त दोनों घर पहुंच गए जहां दोनों ने मिलकर लालाराम और उसकी 37 वर्षीय पत्नी सविता मिश्रा के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में लालाराम और सविता बुरी तरह घायल हुए हैं और इलाज के लिए जिला अस्पताल आए हैं।

### मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

छतरपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। छतरपुर एनआईसी कक्ष से वर्चुअली खजुराहो सांसद व्ही.डी. शर्मा, विधायक राजनगर अरविंद पटैरिया, चंद्रभान सिंह गौतम, सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र नायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी अगम जैन, अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे सहित अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

## क्रिश्चियन( मिशन) अस्पताल का मामला

# एसएनसीयू, मेटरनिटी वार्ड को जिला प्रशासन ने किया बंद




### प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में शिकायत के बाद प्रशासन ने लिया एक्शन

### अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के भरोसे मरीजों की जान, डॉक्टर से ज्यादा सुरक्षा गार्ड मौजूद

छतरपुर।

जिले में जिला अस्पताल के बाद यदि कहीं सबसे ज्यादा मरीज ईलाज कराने के लिए कहीं पहुंचते है, तो वह मिशन हॉस्पिटल,लेकिन यह मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मरीजों को नर्सिंग स्टाफ के भरोसे छोड़ अस्पताल प्रबंधन का पूरा ध्यान मरीजों से पैसे जमा कराने पर लगा रहता है। पिछले दिनों अस्पताल में हुई मरीज की मौत के मामले में शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने मिशन अस्पताल के बेबीबोर्न वार्ड और मैटरनिटी वार्ड को बंद कर दिया है। जल्द ही अस्पताल को सील करने की कार्रवाई जिला प्रशासन कर सकता है।

#### जांच में मिली कई खामियां

जिला प्रशासन ने बैथेस्दा हॉस्पिटल समिति द्वारा संचालित क्रिश्चियन मिशन अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता ना होने पर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रसव के दौरान महिला की दुखद मृत्यु की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने अस्पताल के एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) और मेटरनिटी वार्ड का निरीक्षण किया और तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्णय लिया। जांच के दौरान यह पाया गया कि अस्पताल में बिना डॉक्टर के संचालन हो रहा था, जिससे खासतौर पर महिलाओं,न्यूबॉर्न बेबी की सुरक्षा खतरे में थी। मिशन अस्पताल में कार्य कर रहे डॉक्टर के नाम भी सीएमएचओ कार्यालय में दर्ज नहीं है, प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई कुछ समय के लिए तो सही है परंतु इस घटना से प्रशासन की कर प्रणाली पर सवाल उठना भी लाजमी है कि आखिर कैसे इतने सालों से यह अस्पताल नियमविरुद्ध तरीके से चल रहा था?

#### प्रशासनिक चूक और सीएमएचओ की भूमिका पर सवाल

इस मामले ने जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरपी गुप्ता की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह अनियमितताएं वर्षों से चल रही थीं और जिला प्रशासन और सीएमएचओ की निगरानी में आनी चाहिए थीं। इस बात पर चिंता जताई जा रही है कि इतने लंबे समय तक बिना डॉक्टर के अस्पताल कैसे संचालित हो सकता था और प्रशासन ने पहले कार्रवाई क्यों नहीं की। कांग्रेस नेता मोहम्मद अली भारतीय ने कहा, “यह चिंताजनक है कि इतने समय तक अस्पताल में अनियमितताएं चलती रहीं और किसी ने ध्यान नहीं दिया। प्रशासन और सीएमएचओ डॉक्टर आरपी गुप्ता को भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से करना चाहिए।

#### जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से संचालित हो रहे है कई नर्सिंग होम

हाल ही में छतरपुर शहर के बिजावर नाका के पास प्रेमरूपा नर्सिंग होम की लापरवाही से हुई महिला की मौत के मामले में प्रशासन अभी जांच कर रहा है। उसके बाबजूद जिला मुख्यालय पर ही कई अवैध रूप से नर्सिंग होम अभी भी संचालित है। विभाग को अभी भी इन अवैध नर्सिंग होम के बारे में शिकायतों का इंतजार है। सवाल उठता है की क्या प्रशासन स्वयं इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकता । ऐसा प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फलफूल रहा है। विभाग की निष्क्रियता ने इन अवैध चिकित्सा संस्थानों को खुली छूट दे दी है।इन अवैध नर्सिंग होम में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। ना तो वहां प्रशिक्षित चिकित्सक हैं, ना ही आवश्यक चिकित्सा उपकरण। नतीजतन, मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कई मामलों में तो गलत इलाज और समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीजों की मौत तक हो चुकी है।

#### इनका कहना है

शिकायत मिलने के बाद क्रिश्चियन हॉस्पिटल के एसएनसीयू और मैटरनिटी बात को बंद कर दिया गया है, विभाग द्वारा जांच कराई जा रही है। अन्य जो भी नर्सिंग होम संचालित है उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. आरपी गुप्ता**
**सीएमएचओ**
**स्वास्थ्य विभाग छतरपुर**

## घर घर जाकर पिलाएं पल्स पोलियो की खुराक-अरविंद पटैरिया



### राजनगर में विधायक द्वारा हुई पल्स पोलियो अभियान की

खजुराहो।

देश को पल्स पोलियो मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार अभियान चला रही है जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में इसकी शुरुआत 23 जून से की गई। उक्त अभियान के अंतर्गत राजनगर क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया ने राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में (पोलियो रविवार) के बूथ दिवस पर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर शुरुआत की। इस मौके पर विधायक अरविंद पटैरिया ने इस अभियान से जुड़े जिम्मेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की केन्द्र तथा राज्य सरकार पोलियो जैसी गंभीर बीमारी का देश भर से समूल नष्ट करने के लिए अभियान चला रही है। इससे जुड़े सभी लोग जिम्मेदारी से 24 तथा 25 जून को घर जाकर इस अभियान को शत-प्रतिशत पूरा करें ध्यान रखें कोई भी बच्चा छूट न पाए। गौरतलब है कि इस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा,इस मौके पर डॉ.आर.पी.गुप्ता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर, डॉ.यशवंत बामोरिया खण्ड चिकित्सा अधिकारी राजनगर, अरुण अवस्थी न.प.अध्यक्ष-खजुराहो, डॉ. अवधेश चतुर्वेदी, डॉ.अरविंद गुप्ता, डॉ.मेहबूब सलमान अन्य पार्षदगणों के साथ अस्पताल के कर्मचारी शामिल रहे।

## राज्यमंत्री के पास पहुंचे वन विभाग से परेशान ग्रामीण

# मुख्य वन संरक्षक को सौंपा ज्ञापन, समस्या का निदान करने की मांग



छतरपुर।

रविवार को बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम घिनौंची और ग्राम गोंचीपुरा के मजरा राजीवनगर के लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य महादेव प्रसाद अहिरवार के साथ जिला मुख्यालय पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार से भेंट कर अपनी समस्यायें बताईं जिसके बाद राज्यमंत्री ने मुख्य वनसंरक्षक वन वृत्त छतरपुर को ग्रामीणों की समस्या सुनकर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने मुख्य वनसंरक्षक को ज्ञापन देकर अपनी-अपनी समस्यायें बताईं।

जिला पंचायत सदस्य महादेव प्रसाद अहिरवार के साथ ज्ञापन सौंपने आए ग्राम घिनौंची के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें वर्ष 1973-74 में शासन द्वारा भूमि के पट्टे दिए गए थे। इस जमीन पर वे कृषि कार्य कर करते आ रहे हैं, किंतु उक्त भूमि पर अब वन विभाग द्वारा कब्जा कर लिया है, जिससे वे कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व एवं वन विभाग द्वारा अपना-अपना सीमांकन करवाकर ग्रामीणों की भूमि उन्हें वापिस दिलाई जाए। वहीं ग्राम गोंचीपुरा के मजरा राजीवनगर से आए ग्रामीणों ने बताया कि राजीवनगर में अहिरवार समाज के एक सैकड़ा से अधिक परिवार निवासरत हैं। राजीवनगर की आबादी लगभग 450 है, जो वे लगभग 70 वर्ष से यहां निवास कर रहे हैं। वर्तमान में वन विभाग द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है और किसी भी तरह के विकास कार्य नहीं होने दिए जा रहे। ग्रामीणों ने शासन से राजीवनगर मजरा को आबादी घोषित करने की मांग की है।

# 3 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

## 23 से 25 जून तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान, राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

छतरपुर।

संपूर्ण प्रदेश की भांति छतरपुर जिले में भी रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। छतरपुर शहर के छत्रसाल चौराहे पर बनाए गए बूथ पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। साथ ही पल्स पोलियो अभियान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अपील को पढ़ा। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नहीं रहे। 23 जून को बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। सभी लोग अपने बच्चों को दवा पिलाएं।



जिला टीकाकरण अधिकारी मुकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि 25 जून तक जिले में पल्स पोलियो अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा, जिसके तहत 0 से 5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को सूचीबद्ध कर पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन जिले में बनाए गए 2200 से अधिक बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई है। दूसरे दिन यानि की आज टीमें घर पहुंचेंगी और अभियान के तीसरे दिन ऐसे बच्चों को दवा पिलाई जाएगी जो किसी कारणवश पहले और दूसरे दिन दवा का सेवन नहीं कर पाएंगे। श्री प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष जिले के 3 लाख 5 हजार 464 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 80 से 90 फीसदी बच्चों को अभियान के पहले दिन ही पोलियो की दवा पिलाई गई है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश प्रजापति, डीपीएम राजेंद्र खरे उपस्थित रहे।






## हिंडालको महान में विश्व योग दिवस पर प्रिज्म के तहत किये गये योगासन

सिंगरौली।

विश्व योग दिवस के मौके पर हिंडालको महान में रिप्रिजम के तहत विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सूर्योदय के साथ ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यूनिट हेड एस. सेन्थिलनाथ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में एस. शशिकुमार, आदर्श, पी.के. बोष, राजश्री पात्रा सहित सैकड़ों महान कर्मियों व अधिकारियों ने भाग लिया। इस योग कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चो ने भी योग के महत्व को जन जन पहुचाने के लिये योग में भाग लिया।योग कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने योग और सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे योग तनाव से राहत देता है, बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है और दिमाग को हमेशा शांत रखता है। योग के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़ और विभिन्न क्रियाएं होती हैं, जिससे शरीर की थकान दूर होती है और व्यक्ति तरोताजा महसूस करता है। इस कार्यक्रम ने योग के वैश्विक महत्व को पुनः स्थापित किया और इसे जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की सफलता ने साबित कर दिया कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामूहिक सामंजस्य और शांति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई एमपीपीएससी की परीक्षा

### शहर में बनाए गए थे 7 केन्द्र, चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था

छतरपुर।

म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कलेक्टर संदीप जी आर ने परीक्षा के मद्देनजर जिला मुख्यालय पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को नियुक्त किया था, जिनकी देखरेख में छतरपुर शहर के 7 परीक्षा केन्द्रों पर ओएमआर पद्धति से दो पालियों में परीक्षा कराई गई। प्रथम पाली प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली



दोपहर 02:15 से सायं 04:15 बजे तक चली। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी उपेन्द्र रावत, साक्षी, अभिषेक मिश्रा, आकांक्षा उपाध्याय आदि ने बताया कि पेपर यूपीएससी के पैटर्न पर आया था, जिसे हल करने में उन्हें अधिक कठिनाई नहीं हुई। आकांक्षा ने बताया कि फरुट पेपर जनरल स्टडीज का रहा, जिसमें जीके और एमपीजीके से संबंधित सवाल थे। वहीं सेकेण्ड पेपर में मैथ्स, हिंदी और इंग्लिश के सवाल रहे। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने परीक्षा अच्छे ढंग से संपन्न होने की बात कही। किसी भी केन्द्र से समस्या अथवा उपद्रव जैसी जानकारी नहीं आई। सभी केन्द्रों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी चौकस रही, जिसके चलते अभ्यर्थी शांतिपूर्ण ढंग से पेपर हल कर सके। म.प्र. लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार महिला बाल विकास कार्यालय में परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के निदान के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया था।

# नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें - उप मुख्यमंत्री

## दो बूँद ज़िंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

**दो बूँद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई (जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर) भोपाल में पोलियो ड्राप पिलाकर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

रीवा





उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश वर्ष 2008 से आज तक पोलियो मुक्त बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। प्रदेश में शुरू हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नज़दीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें और देश और प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उपस्थित जनों को पोलियो ड्रॉप और वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें:- उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून से प्रदेश में दस्तक अभियान शुरु किया जा रहा हैं। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का अमला घर-घर जाकर दस्तक देगा। अभियान में बच्चों की वैक्सीनेशन के साथ-साथ अन्य जाँच भी की जाएगी और आवश्यकतानुसार उपचार के व्यवस्था की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें। उपचार की व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधोसंरचना और मैनपॉवर की व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपचार की व्यवस्था के संपूर्ण स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए दिनचर्या में योग व्यायाम और उचित आहार को शामिल करें। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षारत चिकित्सकों से अपील की है कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने में आगे आयें।

स्वास्थ्य विभाग के अमले को नागरिक सहयोग प्रदान करें:- राज्य मंत्री पटेल - लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम पोलियो से मुक्त हैं। इस अवस्था को बनाये रखने के लिए सतत सजग और सचेत रहने की ज़रूरत है। स्वास्थ्य विभाग का अमला सतत कार्य कर रहा है इस अभियान में सभी नागरिकों के सहयोग की ज़रूरत है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री पटेल, विधायक भगवानदास सबनानी ने नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। एक करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने काई लक्ष्य:- प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में लगभग एक करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को लक्षित किया गया है। प्रथम दिवस (पोलियो रविवार) 54 हजार 742 बूथ, 1237 ट्रांजिट बूथ, 6130 हाई रिस्क एरिया एवं माईग्रटरी बूथ बनाये गये हैं। जिनमें 55,958 वैक्सीनेटर्स द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जिसकी मॉनिटरिंग 7,366 सुपरवाईजरों द्वारा सुनिश्चित की जावेगी। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा एक करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी।


प्रदेश में आयोजित मेला स्थलों, बजारों, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड इत्यादि स्थलों पर पोलियो दवा पिलाने हेतु 1,237 ट्रांजिट बूथ स्थापित किये गये है। साथ ही एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित ना रहे इसको ध्यान में रखते हुये हाई रिस्क क्षेत्रों (यथा- ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी एवं झुग्गी बस्तियों) में 500 मोबाईल टीम की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में अभियान के लिये 1 करोड़ 45 लाख पोलियो डोज़ की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, संचालक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अरुणा कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सकीय स्टाफ, नौनिहालों के साथ अभिभावक और आमजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 29 जून को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण के संबंध में एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम 26 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 29 जून को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 3 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन 15 जुलाई से



**रीवा।** कथा का सीधा प्रसारण निरंतर प्रसारित भी होगा.... साईं मंदिर प्रांगण धवारी मे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया है इस संबंध में बताया गया है कि वृंदावन से सुप्रसिद्ध भागवताचार्य श्री आशीषाचार्य जी महाराज वृंदावनोपासक के श्री मुखारविंद से धारा प्रवाहित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का आनंद लीजिए एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण महाराज श्री के यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक पेज पर निरंतर प्रसारित होगा महाराज श्री सब्सक्राइब करके देख सकते हैं कार्यक्रम के संबंध में बताया गया है कि पंडाल में एक साथ हजार लोग बैठ सकेंगे एवं कथा का समापन एवं महाराज श्री की विदाई एवं लघु महायज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन 22 जुलाई को किया गया है.. हम सब के लाड़ले कथा व्यास सुप्रसिद्ध महाराज श्री प्रदेश के एक ऐसे लोकप्रिय कथा व्यास है आपकी रसमई धाराप्रवाह वाणी सहज श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराती है भक्तजन श्रद्धा और भक्ति में सराबोर होकर सहज ही कृष्ण कथा में स्वयं को समर्पित कर देते हैं एवं कथा श्रवण के लिए आप सबसे आग्रह है कि समय से कथा पंडाल में पहुंचे।

### एक्सीलेंस के छात्रों को मिलेगी बस की सुविधा

**दमोह।** विदित हो कि दमोह जिले में ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय पीजी कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिसमें छात्र-छात्राओं को पहली बार बस की सुविधा हासिल होने जा रही है। इसके लिए विद्यार्थियों को सिर्फ 30 रूपये देने होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के.पी. अहिरवाल ने बताया कि कॉलेज में पहली बार छात्र-छात्राओं के लिए 1 जुलाई से बस की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है, जिसका भुगतान महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति से किया जाएगा। महाविद्यालय में शासन द्वारा पहली बार इस प्रकार की पहल की गई है जिसके अंतर्गत बस की सुविधा के साथ विभिन्न प्रकार के रोजगार उनमुखी नये कोर्स- बी.एड., संगीत, कृषि आदि प्रारंभ किये जा रहे हैं, जिसमें छात्रों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

### आज प्रातः 7 बजे से होगी पुरेना तालाब की सफाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा 5 जून से 16 जून तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हमने जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया, उसके जो सार्थक परिणाम आये है उससे स्पष्ट हो गया है कि समाज सरकार के साथ मिलकर इस प्रकार के जल संवर्धन अभियानो में हाथ बटाने के लिये तत्पर है। इसी से प्रेरणा लेते हुये यह निर्णय लिया गया है कि अब प्रयास किये जायेंगे।

## पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

# पल्स पोलियो अभियान में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई






रीवा

जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का आज शुभारंभ हुआ। मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल एवं राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की उपस्थिति में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोई भी गली एवं मोहल्ला इस अभियान से छूटे नहीं। इसमें पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाए। अपने उद्बोधन में राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी ने कहा कि हमारे देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में इसके प्रकरण मिलने के कारण यह अभियान संचालित किया जा रहा है ताकि हमारे देश का प्रत्येक बच्चा इस बीमारी से दूर रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की अभियान में सहभागिता की अपेक्षा की।

शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान में मीजल्स और रूबेला का भी टीका लगेगा। अतः स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग बूथ स्थल के अतिरिक्त डोर टू डोर संपर्क कर सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों को नियत समय पर लगने वाले टीके लगाए जाएं तथा जो बच्चे इसमें छूट गए हैं उनका भी टीकाकरण करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों को अभियान में पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रथम दिवस पर अधिकतम बच्चों को बूथ में पोलियो की दवा पिलाई जाए और यदि किसी कारणवश बच्चे बूथ में न पहुंचे तो उनके घर जाकर इसका डोज दें।

इस अवसर पर राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ संतोष शुक्ला ने कहा कि रीवा में कोविड वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय कार्य हुआ साथ ही जन्म के समय ही बच्चे को टीके का डोज लगाने में भी रीवा प्रथम स्थान पर रहा है। टीकाकरण के मामले में रीवा में हुए नवाचार को देश में प्रसंशा मिली है। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को दो बूंद की खुराक पिलाकर डबल सुरक्षा कवच देने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इससे पूर्व अभियान के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी बनाए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, डॉ नितिन कोठारी, प्रभारी डीन डॉ पीके लखटकिया, डॉ केएल नामदेव, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्र, डॉ बीके अग्निहोत्री सहित स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारी/नौनिहाल के साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील अवस्थी ने किया।



# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण**

**रीवा।** रीवा जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 12 केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक संपन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जेलमार्ग सरस्वती स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय भी उपस्थित रहे। प्रारंभिक परीक्षा के लिए नियुक्त संभागीय प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी केएस गौतम के अतिरिक्त परीक्षा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों व फ्लाइंग स्क्वाड के दल द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण किया गया।

# युवक की हत्या के बाद परिजनों ने किया चक्काजाम

**मउगंज: थाने के सामने शव रख किया प्रदर्शन**



## जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु है: आचार्य श्री

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा एक चुंबकीय तत्व है जो कि वह लोह तत्व को अपनी ओर आकर्षित करता है दोनों का संबंध हो जाता है इसी प्रकार आत्मगत कुछ ऐसे परिणाम है जिन परिणाम के माध्यम से कर्मों का भी संबंध हुआ करता है। कर्म दिखाई नहीं देते पर विश्वास का विषय बनता है ।आत्मगत परिणाम भी देखने में नहीं आते और वह कर्म भी देखने में नहीं आता किंतु उन दोनों का संबंध हो जाता है ।और यह संबंध हुआ नहीं अनादि काल से इसका संबंध है ।शरीर अंग का और जीव इन दोनों का अपने आप में संबंध अनादिकालीन है। उस संबंध को तोड़ने के लिए यह मोक्ष पुरुषार्थ किया जा रहा है ।और जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु ऐसा कहा है जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु है और जो जोड़ने की इच्छा रखता उसका नाम भुभुक्षु है। भोगने की इच्छा रखता है पर वस्तु के साथ संबंध रखने की इच्छा रखता उसका नाम भुभुक्षु है। आपको क्या बनना है मुमुक्षु या भुभुक्षु जहां से आए हैं नहीं लौटेंगे तो भुभुक्षु कहलाएंगे। लौटना तो है क्लियर कट है आप रहली पटनागंज से आए कोई कोलकाता से बड़ी दूर-दूर से आए कोई सतना से ।गुरुदेव सतना गए पहली बार प्रवेश किया प्रवचन में कहा सत ना सत नहीं है नश्वर है क्षेत्र की अपेक्षा है संबंध जोड़ने द्रव्य की अपेक्षा से संबंध जोड़ दे रहा काल की अपेक्षा से संबंध जोड़ देता है। काल के साथ कैसा संबंध जोड़ता महाराज आज मेरा जन्मदिन है अवतरण दिवस है शब्द बदल गए बात वही है महाराज जन्मदिवस का निषेध करते हैं जन्म शब्द को हटाकर अवतरण दिवस काल के साथ भी संबंध जोड़ देता है और क्षेत्र

# मउगंज: दुकान संचालक अधिक कीमत पर बेच रहे खाद बीज, किसान हो रहे ठगी का शिकार





# पत्नी ओर उसके प्रेमी शिक्षक से परेशान पति ने थाने में की शिकायत

**हटा।** आपने अक्सर महिलाओं को ससुराल में पति व उनके परिजनों द्वारा प्रताड़ित करने के मामले कोर्ट कचहरी व पुलिस थाना में देखे सुने होंगे लेकिन आज के समय में महिलाएं भी पुरुषो से पीछे नहीं है जिन्होंने दांपत्य जीवन के बंधन में शादी के दौरान जीवनभर एक दूसरे का साथ निभाने देवी-देवताओं को साक्षी मानकर बचन दिए गए थे लेकिन अब वह वर्तमान में फिल्म टीवी सीरियल की राह पर धरे के धरे रह गए ऐसा ही मामला नगर के गौरीशंकर वार्ड मैं सामने आया जहां एक अधेड़ उम्र की पत्नी प्यार के परवान में पति को छोड़कर अपने दो बड़े बच्चों को साथ लेकर रफू चक्कर हो गई जहां पति ने अपनी पत्नी ओर उसके प्रेमी से तंग होकर हटा पुलिस थाना में न्याय दिलाने की गुहार लगाई। पुलिस थाना में की गई लिखित शिकायत मैं उल्लेख कर मुकेश पिता जगन्नाथ प्रजापति ने बताया गया कि उसकी 38 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी प्रजापति जो आशा कार्यकर्ता है जिसका प्रेम प्रसंग विगत कई महीनो से शिक्षक राजधर पटेल से चल रहा है जो उसी वार्ड में निवास करता है और वह दादपुर ग्राम का निवासी है जो शादीशुदा व बच्चों वाला है मेरी पत्नी व बच्चों को भी वह वश में कर बहकाता है जिससे मेरी पत्नी आए दिन लड़ाई झगड़ा करती है और वह विगत तीन दिन पहले घर का सारा गृहस्ती का सामान लेकर बच्चों को साथ लेकर भाग गई। आवेदक ने शिकायत में उल्लेख किया है कि यदि मेरे बच्चों व पत्नी के साथ कोई घटना घटित होती है जिसकी जवाबदारी राजधर पटेल की होगी उसने शिकायत में बताया कि पत्नी के प्रेमी राजधर पटेल द्वारा मुझे भी जान से करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे पुलिस थाना में उक्त घटनाक्रम में न्याय दिलाने की गुहार पुलिस से कर रहा है। हटा पुलिस द्वारा आवेदन लेकर मामले की जांच की जा रही है।

### नदी में बच्चे के डूबने की सूचना पर टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

**दमोह।** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घाट पिपरिया से निकली व्यारमा नदी में एक चार से पांच साल का बच्चा डूबने की सूचना मिलने पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष कुमार जैन और प्रभारी प्लाटून कमांडर प्राची दुबे के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम तत्काल रेस्क्यू करने के लिए पहुंची, जहां शनिवार दोपहर 3:30 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा।